भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2072

(दिनांक 20.12.2022 को उत्तर देने के लिए)

सार्वजनिक भाषणों के लिए तंत्र

2072. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संविधान में सम्मिलित सभी बाईस आधिकारिक भाषाओं में प्रधान मंत्री, राष्ट्रपति और कैबिनेट मंत्रियों के सार्वजनिक भाषणों का अनुवाद करने के लिए एक तंत्र पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि जैसे कार्यक्रमों के दौरान ऐसे सार्वजनिक भाषणों का सीधा अनुवाद करने के लिए कोई तंत्र स्थापित करने पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार प्रमुख सरकारी अधिकारियों के सार्वजनिक भाषणों को और अधिक समावेशी बनाने पर विचार करेगी ताकि वास्तविक समय में भिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए संकेत भाषा में भाषण देने के लिए दुभाषिया का प्रावधान किया जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार भिन्न रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक भाषणों के ब्रेल अनुवाद उपलब्ध कराने पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार को राज्य सरकारों से लाइव/कार्यक्रम के पश्चात (पोस्ट-इवेंट) अनुवाद के लिए ऐसे कोई अनुरोध प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): भारत के माननीय राष्ट्रपति और माननीय प्रधान मंत्री के चयनित भाषण सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा अंग्रेजी और हिंदी में प्रकाशित किए जाते हैं।

स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश संबंधित क्षेत्रीय/राज्य आधारित चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। डीडी भारती चैनल माननीय राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संदेश का सांकेतिक भाषा में प्रसारण करता है।

माननीय प्रधान मंत्री के भाषणों/राष्ट्र के नाम संबोधन का विभिन्न चैनलों द्वारा सीधा ब्रॉडकास्ट/प्रसारण किया जाता है। दूरदर्शन के क्षेत्रीय नेटवर्क चैनल माननीय प्रधान मंत्री के भाषण/संबोधन की मुख्य बातों को अपने समाचार बुलेटिनों में अपनी संबंधित क्षेत्रीय भाषा में प्रसारित करते हैं। क्षेत्रीय चैनल स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से माननीय प्रधान मंत्री के भाषण का भी अपनी-अपनी भाषाओं में प्रसारण करते हैं। डीडी भारती माननीय प्रधान मंत्री के भाषण के सांकेतिक भाषा संस्करण का प्रसारण करता है। माननीय प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क के विभिन्न चैनलों द्वारा हिंदी भाषा के अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषाओं में किया जाता है।

माननीय प्रधान मंत्री के भाषणों का 13 भाषाओं अर्थात अंग्रेजी, मलयालम, कन्नड़, उर्दू, मराठी, मणिपुरी, असमिया, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, उड़िया, तमिल और तेलुगु में अनुवाद किया जाता है तथा इसे पत्र सूचना कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है।

डीडी न्यूज ने स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री की मन की बात, माननीय राष्ट्रपति और माननीय प्रधान मंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के प्रसारण का सांकेतिक भाषा में व्याख्या का उपयोग पहले ही बढ़ा दिया है। माननीय प्रधान मंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के किसी अन्य विशेष अवसर को भी सांकेतिक भाषा में व्याख्या के साथ प्रसारित किया जाता है। ये भाषण आकाशवाणी और दूरदर्शन के डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

******